कबीरधाम ज़िले के पाँच स्वास्थ्य संस्थानों को मिला कायाकल्प पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

13 अप्रैल, 2023 को स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में कबीरधाम ज़िले के पाँच स्वास्थ्य संस्थानों को कायाकल्प योजना का पुरस्कार प्रदान किया।

प्रमुख बिंदु

- कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना 2022-23 के अंतरगत ज़िले के पाँच स्वास्थ्य संस्थान ज़िला अस्पताल कबीरधाम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कवर्धा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदौरी एवं मडमड़ा उप स्वास्थ्य केंद्रों (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) को कायाकल्प पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।
- कबीरधाम ज़िले को यह पुरस्कार वर्ष 2022-23 में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के विभिन्न मापदंडों में छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल करने और कायाकल्प अभियान के अंतरगत प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में सफाई प्रबंधन, रोग संक्रमण नियंत्रण, भवन एवं परिसर, सौंदर्यकरण, रुग्ण सेवा में सुधार, के लिये समयबद्ध कार्यक्रम, घोषित आंतरिक मूल्यांकन, सहकर्मी मूल्यांकन एवं बाह्य मूल्यांकन की कसौटी को पूरा करने पर प्रदान किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rejuvenation-award-to-5-health-institutions-of-kabirdham-district